प्रादेशिक समाचार
15.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज जमशेदपुर में पार्टी की ओर से आयोजित रैली को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने राज्य की गठबंधन सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि झामुमो पर आदिवासियों के वोट से राजनीति चमकाने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ हर झारखंडी के लिए चिंता का विषय है। श्री मोदी ने कहा कि झामुमो ने आदिवासियों के नाम पर अपनी राजनीति चमकायी और गरीब आदिवासी चम्पाई सोरन और सीता सोरेन का अपमान किया। श्री मोदी ने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद को राज्य के सबसे बड़े दुश्मन हैं।

****

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रांची एयरपोर्ट से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये टाटानगर–पटना समेत छह वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन ट्रेनों में ब्रह्मपुर–टाटानगर, राउरकेला–हावड़ा, देवघर–वाराणसी, भागलपुर–हावड़ा और गया–हावड़ा शामिल हैं। श्री मोदी ने 650 करोड़ रुपये से अधिक की रेल परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। इसके तहत मधुपुर–बाईपास रेल लाइन और हजारीबाग टाउन कोचिंग डिपो शामिल है। प्रधानमंत्री ने जिन दो परियोजना का लोकार्पण किया उनमें कुरकुरा–कानारोवां रेल लाइन का दोहरीकरण और चार रेल अंडर ब्रिज शामिल हैं। भारी बारिश और खराब मौसम के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हेलिकॉप्टर जमशेदपुर के लिए उड़ान नहीं भर सका जिसके चलते उन्हें रांची से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करना पड़ा। प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पीएम आवास योजना–ग्रामीण के तहत झारखण्ड के लाभार्थियों को अपना घर बनाने के लिए 32 करोड़ रुपये की पहली किश्त का डिजिटल ट्रांसफर सीधे उनके बैंक खाते में किया। साथ ही 46 हजार पूर्ण आवासों का गृह प्रवेश कराया।

****

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार पर ज़ोर देते हुए कहा है कि आने वाले समय में राज्य में 5 हजार सीएम एक्सीलेंस स्कूल संचालित किए जाएंगे। रांची महिला महाविद्यालय के साइंस ब्लॉक स्थित आदिवासी छात्रावास परिसर में आयोजित करम पूजा महोत्सव् में शामिल होने पहुंचे सीएम ने बताया कि सरकार ने इस परिसर में छात्र–छात्राओं के लिए 50 करोड़ रुपए की लागत से मल्टी स्टोरेज हॉस्टल बनाने का निर्णय लिया है।

****

आज अभियंता दिवस है। यह दिवस महान अभियंता सर एम. विश्वेश्वरैया की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अभियांत्रिकी के क्षेत्र में योगदान के लिए सर एम. विश्वेश्वरैया के योगदान को याद किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि देश की प्रगति, नवाचार और चुनौतियों से निपटने में अभियंताओं का योगदान सराहनीय रहा है। श्री मोदी ने अभियंता दिवस पर एक वीडियो भी साझा किया है।

****

राजधानी रांची समेत जमशेदपुर, रामगढ़, खूंटी, सिमडेगा, गुमला और लोहरदगा समेत आसपास के हिस्सों में तेज हवा के साथ रूक–रूककर बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने बारिश को लेकर इन सभी जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया कि बारिश के दौरान 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ़्तार से हवाएं चल सकती हैं। उन्होंने बताया कि कुछ जिलों में 200 मिलीमीटर तक बारिश होने की संभावना है। श्री आनंद ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में गहरे दवाब का क्षेत्र बनने के कारण अगले दो दिनों तक राज्य में बारिश होने की संभावना है।

*******समाप्त**********